**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग ।**

**सत्रांत परीक्षा के अभ्यास हेतु नमूना प्रश्नपत्र - (2020-21) ऑनलाइन माध्यम**

**कक्षा : तृतीय** **विषय : हिन्दी** **समय : 1 घंटा**

**नाम : ........................................... कक्षा एवं वर्ग : .................. दिनांक : ................ अनुक्रमांक :.....**

| दक्षताएं | पठन (5) | व्याकरण(3) | वर्तनी(2) | गद्य व पद्य(7) | रचनात्मक लेखन(6) | सुलेख (2) | योग(25) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

.....................................................................................................................................

**ऑनलाइन माध्यम - प्रश्नपत्र के प्रथम खंड में,** पठन, व्याकरण, तथा वर्तनी संबंधी दक्षताओं की परीक्षा ली जाएगी, जिसमें 1 अंक वाले कुल 10 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं । **प्रश्नपत्र के द्वितीय खंड में,** पाठ्य पुस्तक के गद्य व पद्य, रचनात्मक लेखन तथा सुलेख से संबन्धित 3 अतिलघुउत्तरीय प्रश्न तथा 6 लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गए हैं। इस प्रकार यह प्रश्नपत्र कुल 25 अंक का है। इस प्रश्न पत्र को गूगल फार्म या एमएस फार्म के माध्यम से कराया जा सकता है। इसकी समयावधि कुल 1 घंटा होगी (½ घंटाप्रथम खंड हेतु + ½ द्वितीय खंड हेतु)। इस प्रश्नपत्र के द्वितीय खंड के प्रश्न क्र. 11 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर सभी विद्यार्थी अपनी कापी में लिखकर उनका फोटो खींचकर jpg अथवा pdf फ़ाइल में (जैसा संभव हो) निर्धारित स्थान (add file) में अपलोड करके सबमिट (submit) करेंगे। विद्यार्थियों को अपलोडिंग हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

.....................................................................................................................................

## प्रथम खंड - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) 5 अंक

## (पठन) पठित गद्यांश (1x5 = 5)

**निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक समझकर पढ़िए और उसके आधार पर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिये।**

पेड़ नीम का भी अच्छा है। उसकी दातुन बड़ी अच्छी रहती है। घर में कोई बीमार हो तो लोग नीम की टहनियाँ दरवाज़े पर लटका देते हैं। अगर मेरे पास रबड़ का पेड़ होता तो मैं उसके दूधिया रस से प्याला भर लेता। रस को पकाकर मैं रबड़ बना लेता। रबड़ से लोग गुब्बारे, टायर और तरह-तरह की चीज़े बना लेते। अच्छे पेड़ों की क्या कमी है! नारियल के पेड़ की ही सोचो। नारियल की जटाओं से मोटी डोरियाँ बना सकता हूँ और डोरियों से चटाइयाँ भी बना सकता हूँ।

प्रश्न:-1 घर में किसी के बीमार होने पर किस पेड़ की टहनियाँ दरवाजे पर लटका देते हैं?

क) नीम की  ख) पीपल की  ग) बबूल की

प्रश्न:2 कौन सा पेड़ अच्छा है?

क) पीपल का  ख) नीम का  ग) बबूल का

प्रश्न:-3 लोग गुब्बारे और टायर किस चीज़ से बनाते हैं?

क) मिट्टी से  ख) लकड़ी से  ग) रबड़ से

प्रश्न:-4 नारियल की जटाओं से क्या बनाया जा सकता है?

क) कुर्सी  ख) डोरियाँ  ग) चारपाई

प्रश्न:-5 नीम की क्या चीज़ बड़ी अच्छी रहती है?

क) छाल  ख) लकड़ी  ग) दातुन

## द्वितीय खंड (व्याकरण) 1x3 = 3 (MCQs)

प्रश्न:6 जैसे **लुहार** का स्त्रीलिंग **लुहारिन** होता है, वैसे '**कवि**' का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा?

क) कवयित्री  ख) कवियत्री  ग) कवियित्रि

प्रश्न:7 जैसे **उँगली** का बहुवचन **उँगलियाँ** होता है, वैसे ही '**तितली**' का बहुवचन होगा -

क) तितलिया  ख) तितलियाँ  ग) तीतलियाँ

प्रश्न:8 इस वाक्य के अंत में कौन सा विराम चिह्न आएगा? "क्या तुम बाजार जाओगे ……."

क) **!**  ख) **।**  ग) ?

## तृतीय खंड - ( वर्तनी ) 1 x 2 =2 अंक (MCQs)

**प्रश्न:9 निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द चुनिये।**

क) आकास  ख) आकाश

**प्रश्न:10 निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द चुनिये।**

क) रोज    ख) रोज़

## द्‌वितीय खंड - ( वर्णनात्मक लिखित परीक्षा )

| | | |
|---|---|---|
| **गद्‌य-पद्‌य संबंधी प्रश्न -** | **प्रश्न क्र.11 से 13 तक** | अति लघु उत्तरीय प्रश्न -(1 x 3 =**3** अंक) |
| | **प्रश्न क्र. 14 से 15 तक** | लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 2 = **4** अंक) |
| **रचनात्मक लेखन -** | **प्रश्न क्र. 16 से 18 तक** | लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 3 = **6** अंक) |
| **सुलेख -** | **प्रश्न क्र. 19** | लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 1 = **2** अंक) |

..........................................................................................................................

प्रश्न:-11 अवन्ती ने किस की दुकान खोली?

उत्तर:- ..........................................................................................................

प्रश्न:-12 'मिर्च का मज़ा' कविता के कवि का नाम क्या है?

उत्तर:- ..........................................................................................................

प्रश्न:-13 तीनों भाई किस मौसम में घर की तलाश में निकले?

उत्तर:- ..........................................................................................................

प्रश्न:-14 पिंजड़ा बिना बाघ के बंद हो गया। कैसे?

उत्तर: ..........................................................................................................

..........................................................................................................

प्रश्न:-15 कविता की पंक्तियों को पूरा करो

सर्दी आई ______________________

______________________ पहने वर्दी आई ।

## ( रचनात्मक लेखन ) 2 x 3 = 6 अंक

**प्रश्न:16 प्रिय विद्यार्थियो  अपने प्रिय दोस्त के बारे में 2 वाक्य लिखिए।**

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

**प्रश्न:17 प्रिय विद्यार्थियो कोविड-19 महामारी के बारे में 2 वाक्य लिखिए ।**

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

**प्रश्न:18 प्रिय विद्यार्थियो आप सर्दी आने से पहले, उससे बचने के लिय क्या-क्या तैयारी करेंगे। 2 वाक्य लिखिए ।**

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

## ( सुलेख ) 2 x 1 = 2 अंक

**प्रश्न:19 नीचे लिखे गद्यान्श को सुंदरता एवं शुद्धता के साथ अपने हस्तलेख में लिख दीजिये।**

**स्वच्छता का अर्थ होता है। हमारे शरीर, मन और हमारे चारों तरफ की चीज़ों को साफ करना।**

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग ।**

**सत्रांत परीक्षा के अभ्यास हेतु नमूना प्रश्नपत्र-(2020-21) की अंक योजना**

**कक्षा : तृतीय** **विषय : हिन्दी**

## प्रथम खंड - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) अंक

## (पठन)

**प्रत्येक सही विकल्प चुनने के लिए एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा गलत विकल्प चुनने या कोई विकल्प न चुनने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के सही विकल्प इस प्रकार हैं।**

प्रश्न:-1 घर में किसी के बीमार होने पर किस पेड़ की टहनियाँ दरवाजे पर लटका देते हैं?

उत्तर- नीम की

प्रश्न:2 कौन सा पेड़ अच्छा है?

उत्तर- नीम का

प्रश्न:-3 लोग गुब्बारे और टायर किस चीज़ से बनाते हैं?

उत्तर- रबड़ से

प्रश्न:-4 नारियल की जटाओं से क्या बनाया जा सकता है?

उत्तर- डोरियाँ

प्रश्न:-5 नीम की क्या चीज़ बड़ी अच्छी रहती है?

उत्तर- दातुन

## द्वितीय खंड (व्याकरण) 1x3 = 3 (MCQs)

प्रश्न:6 जैसे **लुहार** का स्त्रीलिंग **लुहारिन** होता है, वैसे '**कवि**' का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा?

उत्तर- कवयित्री

प्रश्न:7 जैसे **उँगली** का बहुवचन **उँगलियाँ** होता है, वैसे ही '**तितली**' का बहुवचन होगा -

उत्तर- तितलियाँ

प्रश्न:8 इस वाक्य के अंत में कौन सा विराम चिह्न आएगा? "क्या तुम बाजार जाओगे ......."

उत्तर-   ?

## ख) तृतीय खंड - ( वर्तनी ) 1 x 2 =2 अंक (MCQs)

**प्रश्न:9 निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द चुनिये।**

उत्तर- आकाश

**प्रश्न:10 निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द चुनिये।**

उत्तर- रोज़

## द्वितीय खंड - ( वर्णनात्मक लिखित परीक्षा ) 15 अंक
## (गद्य एवं पद्य)

**प्रश्न 11 से 13 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**
**प्रत्येक प्रश्न के संभावित सही उत्तर इस प्रकार हैं।**

प्रश्न:-11 अवन्ती ने किस की दुकान खोली?

उत्तर:- अवन्ती ने कपड़े रंगने की दुकान खोली।

प्रश्न:-12 'मिर्च का मज़ा' कविता के कवि का नाम क्या है?
उत्तर:- ''रामधारी सिंह दिनकर''

प्रश्न:-13 तीनों भाई किस मौसम में घर की तलाश में निकले?
उत्तर:- गर्मी के मौसम में

**प्रश्न 14 से 15 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे आधा उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के संभावित सही उत्तर इस प्रकार हैं।**

प्रश्न:-14 पिंजड़ा बिना बाघ के बंद हो गया। कैसे?
उत्तर: पिंजरे को मीरा बहन ने अपने हाथो से बंद किया था।

प्रश्न:-15 कविता की पंक्तियों को पूरा करो ।

सर्दी आई , **सर्दी आई**
**ठंड की** पहने वर्दी आई |

## (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न 16 से 18 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे आधा उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**परीक्षक अपने अनुभव, समझ और विवेक से सही उत्तर के बारे में उचित निर्णय लें और उचित अंक प्रदान करें ।**

## (सुलेख)

**प्रश्न 19 हेतु विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए अनुच्छेद की शुद्धता, स्वच्छता, तथा उचित अक्षर, शब्द, वाक्य रचना के आधार पर आकलन करते हुए सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे तथा आंशिक उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**परीक्षक अपने अनुभव, समझ और विवेक से सही उत्तर के बारे में उचित निर्णय लें और उचित अंक प्रदान करें ।**